महत्वपूर्ण एवं खास

वायु सेना भर्ती रैली 13 से 18 अक्टूबर तक

न्याय साक्षी/रायगढ़। भारतीय वायु सेना में छत्तीसगढ़ राज्य के युवाओं की सहभागिता बढ़ाने हेतु एयर सलेक्शन सेंटर भोपाल द्वारा जिला प्रशासन धमतरी के सहयोग से 13 से 18 अक्टूबर 2019 तक वायु सेना भर्ती का आयोजन बाबू पंडरीराव कृदत्त स्टेडियम धमतरी में किया जाएगा। भर्ती रैली में ग्रुप वाई के (ए.आइ.) के पदों पर भर्ती की कार्यवाही की जाएगी। भर्ती रैली के संबंध में विस्तृत जानकारी जिला शिक्षा अधिकारी धमतरी टी.के.साहू मोबा.नं. 98261-16562 से प्राप्त कर सकते है तथा वेबसाईट www.airmenselection.cdac.in में अवलोकन कर सकते है।

पूर्व सरपंचों से बकाया राशि की वसूली गंभीरता से करें-कलेक्टर

» जनचौपाल से प्राप्त आवेदनों में किसी भी तरह की लापरवाही नहीं चलेगी

न्याय साक्षी/रायगढ़। कलेक्टर यशवंत कुमार ने आज साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक लेकर राशन कार्ड नवीनीकरण, जनचौपाल, पूर्व सरपंच से बकाया राशि की वसूली और मुआवजा राशि के संबंध में अधिकारियों से जानकारी ली। उन्होंने जनचौपाल से प्राप्त आवेदनों की जानकारी ली और स्पष्ट निर्देश देते हुए प्राप्त आवेदनों का निराकरण गंभीरता से करने के लिए कहा। कलेक्टर ने त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन परिसीमन के कार्यों की समीक्षा की। साथ ही परिसीमन से प्राप्त दावा-आपत्तियों का एक-एक करे परीक्षण कर निराकरण करने के निर्देश दिए है। उन्होंने सभी एसडीएम को अवगत कराते हुए कहा कि पंचायत चुनाव से पहले पूर्व सरपंचों से बकाया राशि के कार्यो में तेजी लाए, इसमें किसी भी तरह की लापरवाही नहीं चलेगी। साथ ही खाद्य अधिकारी को राशन कार्ड के नवीनीकरण के डाटा एन्ट्री के कार्यों गंभीरता से करने के निर्देश दिए। साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों से मुआवजा राशि वितरण के संबंध में जवाब-तलब किया और वितरण को शत-प्रतिशत पूर्ण करने के लिए कहा है। उन्होंने एसडीएम एवं तहसीलदारों को कोर्ट प्रकरणों में पेशी अधिक लेकर लंबित प्रकरणों का निराकरण करने के निर्देश दिए है।

आखिर क्यो नहीं करती जनता पुलिस पर भरोसा?

लगातार

दैनिक न्याय साक्षी में दिनांक 09 सितंबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया गया था...

हत्या को दुर्घटना बता कर पुलिस ने केस का खात्मा किया - भाग 2

न्याय साक्षी/रायगढ़

राजेश उरांव की वृद्धा माता तीजमति उरांव द्वारा पुलिस के विरुद्ध लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा है कि उनके पुत्र राजेश कुमार की हत्या के प्रकरण में न्यायोचित जांच नही की गई है।

आपको बता दें कि राष्ट्रीय अनुसूचित जाति जनजाति आयोग के द्वारा इस मामले में जाँच कमेटी बनाई है। आपको यह भी बता दें कि राष्ट्रीय आयोग ने कलेक्टर रायगढ़ को नोटिस करके 15 दिन में जाँच कर जवाब दाखिल करने को बोला है, जिसे कलेक्टर ने तहसीलदार को मार्क कर दिया है, और तहसीलदार ने आर.आई. को मार्क कर दिया है। अब इतनी संवेदनशील जाँच जिसमें पुलिस ने केस का खात्मा कर दिया है जाँच ऐजेंसी कितनी गंभीरता से जाँच करेगी, ये तो समय ही बताएगा।

पुलिस द्वारा जारी अंतिम प्रतिवेदन में कहा गया राजेश कुमार ग्राम केनापली तालाब के पास ट्रेक्टर बैक कर रहा था, जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर सी.जी.13 बी 5573 तालाब में पलट गया। विदित हो कि इस ट्रेक्टर को राजेश द्वारा चलाया ही नही जाता था और यह ट्रेक्टर उनके गांव का भी नही था और न ही उसके मालिक से कोई परिचय था तो फिर राजेश किसके कहने पर यह ट्रेक्टर चला रहा था? दूसरी बात अंतिम प्रतिवेदन में कही भी दबकर का उल्लेख नही किया गया है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि पुलिस जांच में लापरवाही बरती गईं है और हत्या को दुर्घटना दर्शाया गया।

अंतिम प्रतिवेदन में यह भी लेख है कि राजेश कुमार की मृत्यु की सूचना बुध राम नघोशिय (वार्ड बॉय) द्वारा दी गई जबकि मार्ग इन्टिमेंशन में लेख है कि राजेश कुमार को श्यामलाल ने मृत अवस्था मे भर्ती कराया था, उस समय मृत्युकालिक कथन लिए जाने की व्यवस्था किया जाना चाहिए था, इसप्रकार की कोई कार्यवाही नही की गई, जो कि पुलिस के लचर कार्य को दर्शाता है। तीजमति ने कहा कि, श्यामलाल पटेल से कोई जांच नही की गई, यह तक नही पूछा गया कि मेरे पुत्र को जब मेरे घर के सामने से ही ले जाया गया तो मुझे या मेरे परिवार को कोई खबर क्यों नही दी गई? इससे स्पष्ट है कि हत्या को दुर्घटना का रूप दिया गया है और पीड़ित परिवार को गुमराह किया गया है। बहरहाल शेष आगे के अंक में प्रकाशित किया जावेगा तो इंतजार कीजिए हमारे अगले अंक का ...

जॉच आयोग के सामने क्या कहा तीजमति ने...

मेरा लकड़ा राजेश उरांव का श्यामलाल पटेल के यहां तमनार ट्रैक्टर से पैरा काटने गया था। घटना दिनांक 19.01.2019 की है घटना दिनांक से लगभग 10 दिन पूर्व से काम करने गया था। घटना दिनांक को रात्रि लगभग 8 बजे फोन कर के मेरे को बताया कि मैं आ रहा हूं मेरे लिये खाना बनाकर रखना। मैं रास्ता देख रही थी, रात को लगभग 10 बजे हम लोग फोन लगाये तो फोन से बात नहीं हुई, कवरेज क्षेत्र से बाहर बताया। रात को लगभग 1:30 बजे मेरे जेठ लच्छीराम के पास फोन आया तो मेरे को कुछ नही बताया और रायगढ़ जाने के लिये निकले। लच्छी राम के साथ मेरे पति तिलकराम उरांव एवं भतीजा शंकरलाल उरांव, झनकराम उरांव भी साथ में गये। फिर दिनांक 20.01.2019 को मेरे लड़के राजेश उरांव के शव को लगभग दोपहर 2:00 बजे घर लाकर अंतिम संस्कार किया गया। मेरे लड़के के साथ कार्तिकराम उरांव और प्रेमचंद यादव भी साथ काम करने गये थे। मेरा बेटा आयसर ट्रैक्टर श्यामलाल पटेल का चलाता था। मेरे लड़के को किसी प्रकार की बीमारी नहीं थी। अचानक किस प्रकार से मृत्यु हो गई, उसके संबंध में मुझे न्याय चाहिये। मुझे शंका है, मेरे लड़के की हत्या हुई है। मेरे लड़के के मृत्यु दिनांक से 3 दिन बाद मेरे पति तिलकराम का दिनांक 22.01.2019 को अस्थि विसर्जन के लिये जाते समय, सदमा से अंबिकापुर के पास रास्ते में मृत्यु हो गई। मुझे शंका है मेरे लड़के की हत्या में 1. श्यामलाल पटेल, 2. टीकाराम पटेल, 3. केशवप्रसाद पटेल, 4. देवेन्द्र पटेल, 5. हरिमोहन पटेल, 6. लेखराम उरांव, 7. नंदराम उरांव, 8. प्रेमचंद यादव के द्वारा किया गया है।

रिखी क्षत्रीय के लोक वाद्य यंत्रों ने समारोह में समा बांधा

» पं.गजेन्द्र के ओडिसी, पद्मश्री विजय घाटे का तबला वादन ने दर्शकों को किया मंत्रमुग्ध

» पलक ने बांसुरी और गौतम चौबे ने लोकगाथा से लूटी दर्शकों की वाहवाही

न्याय साक्षी/रायगढ़। चक्रधर समारोह में नौवें दिन रिखी छत्रिय एवं उनकी टीम द्वारा लोकवाद्यों की अनोखी जुगलबंदी की प्रस्तुति दी गई। विभिन्न प्रकार के वाद्य यंत्रों जैसे ढोलक, खंजेरी, तंबूरा, चटकोला, धनकुल, दफड़ा, झुनझुना, मांदरी, मोहरी और बांसुरी को एक साथ बजाकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। दर्शकों ने वाद्य यंत्रों से ससुराल गेंदा फूल और सारे जहां से अच्छा हिन्दोस्तां हमारा गीत सुनकर खूब तालियां बजाईं। इसके बाद पंडित गजेंद्र कुमार पंडा और आर्या नंदे ने ओड़ीसी नृत्य की प्रस्तुति दी। उनकी टीम के द्वारा भगवान शिव के अर्द्धनारीश्वर स्वरूप पर ओड़ीसी नृत्य के माध्यम से प्रस्तुति दी गई। मुम्बई से आई युवा बांसुरी वादक पलक जैन ने कई गीतों की धुन पर बांसुरी बजाकर समां बांध दिया। पलक ने ऐ मेरे वतन के लोगों और अन्य गीत बांसुरी से लोगों को सुनाए। पद्मश्री श्री विजय घाटे के तबला वादन ने दर्शकों का मन मोह लिया। श्री गौतम चौबे ने छत्तीसगढ़ी लोकगाथा लोरिक चंदा की प्रस्तुति दी।

कार्यक्रम का शुभारंभ सारंगढ़ विधायक श्रीमती उत्तरी गनपत जांगड़े एवं रायगढ़ विधायक श्री प्रकाश नायक ने महाराजा चक्रधर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर कलेक्टर श्री यशवंत कुमार, पुलिस अधीक्षक श्री संतोष सिंह, जिला पंचायत सीईओ सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी सहित गणमान्य नागरिक एवं जनसामान्य उपस्थित थे।

SJU - Contact No. +91 9301915303
E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों क्रमशः सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐक्ता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी तकुन्दे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक दृष्टि के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के मूर्धन्य अवसरों पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

CAREER
HINDI & ENGLISH MEDIUM SCHOOL
CAREER SCHOOL
स्थापना दिनांक 1 जुलाई 1996
पिछले 22 वर्षो से लगातार बच्चों के साथ...
ADMISSION OPEN
ENGLISH MEDIUM
For Nuresery to 10th
Topper Students Last Session

Topper Students Last Session

Join CAREER...

Major Facts
1/ Well Qualified Teachers....
2/ A perfact ratio of Techers and Students regarding classes...
3/ Complete Caring Atmosphere.
4/ Good and Equipped Class rooms....
5/ Value based education like daily classes for Logical Maths, G.K.,English Grammar....
6/ CCTV equipped School...
7/ Scientific and Cultural Activities Every Saturday....
8/ And above all Attention on Each and Every Student of the School....

CAREER SCHOOL
ENGLISH MEDIUM
BEHIND STADIUM STREET
RAIGARH C.G.
07762-221359

तत्काल आवश्यकता है
न्यायसाक्षी समाचार-पत्र हेतु कम्पयूटर ऑपरेटर, सर्वे करने के लिए, बंडल कार्य हेतु, एवं रिपोर्टर/संवाददाता रायगढ़ एवं जशपुर जिले के लिए तत्काल चाहिए ... संपर्क करें...
न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग.
मो. नं. 9039961090

ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग
वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन *हेडलबर्ग* से 4 कलर की सभी तरह की प्रिंटिंग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें....
न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400

न्यायसाक्षी समाचार- पत्र की
खरसिया, सारंगढ़, पुसौर, मनार, घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में एजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें।
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़, छ.ग.
संपर्क करें मो.नं. 9039961090

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO Ñ- CHHHIN/2018/76480